हरिभूमि

जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, गुरुवार, 22 अक्टूबर 2026

पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा

तापमान

अधिकतम 27.2 डिग्री

न्यूनतम 16.2 डिग्री

4

मुख्यमंत्री के निर्देश पर मरगा नाला पुल निर्माण कार्य तेज



खबर संक्षेप

अटल चौक में शौचालय व साफ-सफाई व्यवस्था की बनी है दरकार

पाली। नगर पंचायत क्षेत्र में नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने और स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत करने की आवश्यकता के बीच अटल चौक के पास दक्षिण दिशा में सार्वजनिक शौचालय निर्माण का मुद्दा महत्वपूर्ण है। सार्वजनिक स्थानों पर शौचालय जैसी बुनियादी सुविधा उपलब्ध होना किसी भी नगर की आवश्यक जरूरतों में शामिल है। बाजार, चौक-चौराहों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर आने-जाने वाले लोगों को यदि उचित शौचालय की सुविधा नहीं मिलती, तो उन्हें दैनिक जरूरतों के लिए परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। सार्वजनिक शौचालय की व्यवस्था आम नागरिकों के दैनिक जीवन से सीधे जुड़ी हुई है। किसी काम से बाजार आने वाले लोगों, राहगीरों, दुकानदारों, वाहन चालकों और दूसरे क्षेत्रों से पाली पहुंचने वाले नागरिकों को कई बार शौचालय की आवश्यकता होती है। ऐसी स्थिति में आसपास उचित सुविधा उपलब्ध नहीं होने पर उन्हें असुविधा झेलनी पड़ सकती है।

चलते ऑटो में महिला के बैग से रकम पार

कोरबा। बैंक से समूह के खाते में जमा रकम निकालकर घर लौट रही महिला के 45 हजार रुपये चलती ऑटो में चोरी हो गई है। महिला की शिकायत पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है। कोतवाली थाना अंतर्गत रामसागर पारा निवासी महिला घरों में खाना बनाने का काम करती है। वह टीपी नगर स्थित जना बैंक से अपने समूह के खाते से 45 हजार रुपये निकालकर थैले में रखी थी। इसके बाद ऑटो में बैठकर घर लौट रही थी। इस दौरान बीच रास्ते उसके बैग से 45 हजार रुपए पार हो गया। महिला ने इस मामले की शिकायत पुलिस से की है। जिस पर पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मतदाताओं के पंजीकरण के लिए 31 तक चलेगा विशेष अभियान

कोरबा। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली तथा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में जिले में 5 से 31 अक्टूबर तक विशेष मतदाता पंजीकरण अभियान प्रारंभ किया जा रहा हैं। इस सम्बन्ध में सहायक जिला स्वीप नोडल अधिकारी सतीश प्रकाश सिंह ने बताया कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन तथा अपर कलेक्टर एवं उपजिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती माधुरी सोम ठाकुर के निर्देशन में जिले में मतदाता सूची से छूटे हुए सभी पात्र नागरिकों तथा पहली बार मतदाता बनने के लिए पात्र बने युवाओं के नाम जोड़ने के लिए विशेष मतदाता पंजीकरण अभियान 5 से प्रारंभ होकर 31 अक्टूबर तक चलाया जाएगा। इस विशेष पंजीकरण अभियान के अंतर्गत मतदाता पंजीकरण हेतु मतदाता सूची में वर्तमान में अपंजीकृत व्यक्ति या जिसका नाम मतदाता सूची से हटा दिया गया हो, ऐसा कोई भी व्यक्ति इस विशेष अभियान के दौरान पंजीकरण के लिए आवेदन कर सकता हैं।

154 पुलिसकर्मियों को किया गया नमन, 56 परिवारों का सम्मान

पुलिस स्मृति दिवस पर अमर शहीदों को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिला मुख्यालय जशपुर स्थित रक्षित केंद्र में पुलिस स्मृति दिवस का कार्यक्रम गरिमामय एवं भावपूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य देश की आंतरिक सुरक्षा, कानून-व्यवस्था, शांति एवं नागरिकों की रक्षा करते हुए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले पुलिसकर्मियों को नमन करना तथा उनके परिजनों के प्रति सम्मान, संवेदना और सहयोग की भावना व्यक्त करना था।

- टुकड़ी ने सलामी देकर साहस, वीरता और बलिदान को किया स्मरण





सर्वोच्च बलिदान के प्रति सम्मान

शहीद स्मारक पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ अधिकारियों, पुलिसकर्मियों एवं शहीद परिवारों ने पुष्प अर्पित कर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान वातावरण भावुक एवं श्रद्धापूर्ण रहा। शहीदों के अदम्य साहस, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्र के प्रति समर्पण को याद करते हुए उनके सर्वोच्च बलिदान के प्रति सम्मान व्यक्त किया गया।

जिले के 56 शहीद परिवारों को किया गया सम्मानित

कार्यक्रम में जशपुर जिले के कुल 56 शहीद परिवारों को आमंत्रित किया गया। जनप्रतिनिधियों, कलेक्टर एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहित उपस्थित अधिकारियों ने शहीदों के परिजनों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना तथा उन्हें सम्मान प्रदान किया। शहीद परिवारों से संवाद के दौरान अधिकारियों ने कहा कि पुलिस विभाग शहीदों के परिजनों के प्रति अपनी जिम्मेदारी और संवेदनशीलता को सदैव सर्वोपरि रखता है। जिन वीर पुलिसकर्मियों ने देश और समाज की सुरक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया, उनके परिवारों का सम्मान एवं सहयोग करना हम सभी का दायित्व है।

समस्याओं के समाधान के लिए सकारात्मक प्रयास

अधिकारियों ने परिजनों को आश्वस्त किया कि वे स्वयं को कभी अकेला न समझें। किसी भी प्रकार की पारिवारिक, व्यक्तिगत अथवा आर्थिक समस्या होने पर संबंधित अधिकारियों को अवगत कराएं, ताकि समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक एवं सकारात्मक प्रयास किए जा सकें। इस संवाद का उद्देश्य शहीद परिवारों को यह विश्वास दिलाना था कि उनके बलिदानी परिजनों की स्मृति पुलिस विभाग के लिए सदैव सम्माननीय है व विभाग परिवारों के साथ मजबूती से खड़ा है।

शहीदों को दी गई सलामी, 154 वीर पुलिसकर्मियों को किया नमन

पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर आयोजित परेड में प्रशिक्षु सूबेदार रविशंकर साहू ने मुख्य कमांडर की भूमिका निभाई। परेड में एक प्लाटून का नेतृत्व छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल के पीसी दीपक यादव तथा दूसरे प्लाटून का नेतृत्व पीएसआई संदीप चौरसिया ने किया। पुलिस की टुकड़ी द्वारा देश की सुरक्षा एवं सेवा में अपने प्राण न्योछावर करने वाले शहीद पुलिसकर्मियों को सलामी दी गई। इसके पश्चात दिनांक 1 सितंबर 2025 से 31 अगस्त 2026 तक देशभर में कर्तव्य निर्वहन के दौरान शहीद हुए कुल 154 पुलिसकर्मियों के नामों का स्मरण किया गया।

क्यों मनाया जाता है पुलिस स्मृति दिवस

प्रत्येक वर्ष 21 अक्टूबर को पूरे देश में पुलिस स्मृति दिवस मनाया जाता है। इस दिवस का संबंध 21 अक्टूबर 1959 को लद्दाख के हॉट स्प्रिंग्स क्षेत्र में हुई उस घटना से है, जिसमें चीनी सैनिकों के घात लगाकर किए गए हमले का सामना करते हुए 10 वीर भारतीय पुलिसकर्मियों ने अपने प्राणों की आहुति दी थी। उन वीर जवानों के सर्वोच्च बलिदान की स्मृति में 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिवस देशभर में कर्तव्य निर्वहन के दौरान शहीद होने वाले सभी पुलिसकर्मियों के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर है। ⏭शेष पेज 2 पर



तेज रफ्तार बस की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

जशपुरनगर। नारायणपुर थाना क्षेत्र के ग्राम रनपुर में बुधवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार 36 वर्षीय ग्रामीण की मौके पर ही मौत हो गई। अम्बिकापुर से कुनकुरी की ओर जा रही तेज रफ्तार शमीम बस ने बीच बस्ती में बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे के बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क पर चक्काजाम कर दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान ग्राम ढोण्डराही निवासी सुखसागर पिता रामनाथ के रूप में हुई है। वह ड्राइवर का काम करता था। बुधवार सुबह करीब साढ़े 9 बजे सुखसागर मोटरसाइकिल से किसी काम के सिलसिले में रनपुर आ रहा था। इसी दौरान अम्बिकापुर से कुनकुरी की ओर जा रही बस ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। हादसा इतना गंभीर था कि सुखसागर ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया।

- आक्रोशित ग्रामीणों ने किया चक्काजाम, मौके पर पहुंचे अधिकारी

आक्रोशित ग्रामीणों की भीड़ ने किया चक्काजाम

घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया। ग्रामीणों ने हादसे के विरोध में चक्काजाम कर दिया। सूचना मिलने पर नारायणपुर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभालने में जुट गई। पुलिस की मौजूदगी में आगे की कार्रवाई की जा रही थी। दुर्घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने चक्का जाम कर दिया एवं 15 लाख रुपए के मुआवजे की मांग पर अड़े रहे। घंटों तक चले चक्काजाम के बाद अनुविभागीय अधिकारी बगीचा को मौके पर आकर ग्रामीणों को समझाइश देनी पड़ी। प्रशासन की बड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीण चक्काजाम समाप्त करने को तैयार हुए और शाम लगभग 4 बजे शव को पोस्टमार्टम के लिया ले जाया गया।

मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन, निकाली गई शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांसाबेल

कांसाबेल में बुराई पर अच्छाई असत्य पर सत्य की जीत और अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक विजयादशमी का पर्व पूरे उत्सव उमंग और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नगर में मां दुर्गा की प्रतिमाओं की भव्य विसर्जन शोभायात्रा निकाली गई। यह यात्रा शिव मंदिर प्रांगण से नगर के सभी मार्ग पर भ्रमण करते हुए संतोषी मंदिर पहुंची। विसर्जन तालाब के पास मां दुर्गा की आरती करते हुए मां की जयकारों लगाकर मां दुर्गा को विदाई दी गई। इस दौरान श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं।



ढोल-नगाड़े और डीजे की धुन पर जमकर थिरके के लोग

शारदीय नवरात्रि की पूजा अर्चना संपन्न होने के बाद मां दुर्गा की विसर्जन यात्रा निकाली गई, ढोल-नगाड़े, डीजे व भक्ति गीतों की गूंज रही। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में महिला-पुरुष, युवा और बच्चे शामिल हुए। माता रानी के जयकारे लगाते हुए श्रद्धालु पूरे उत्साह के साथ आगे बढ़ते रहे। शोभायात्रा के दौरान महिला पुरुष एवं बच्चों ने जमकर नृत्य किया। युवाओं की टोलियां डीजे की धुम में थिरकते हुए चल रही थी। श्रद्धालुओं की उत्साह और माता रानी के जयकारों से नगर का माहौल पूरी तरह भक्ति में हो गया। शिव मंदिर प्रांगण से माता रानी का शोभायात्रा प्रारंभ हुई व विभिनिन मार्गों से गुजरी। इस दौरान श्रद्धालुओं ने बड़े उत्साह के साथ जयकारे लगाकर माता रानी का स्वागत किया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल मुस्तैद रहा।

ग्रामीण अंचलों के पीडीएस दुकानों में हो रहा खराब चावल का वितरण

कोरबा। नागरिक आपूर्ति निगम के क्वालिटी इंस्पेक्टर के द्वारा क्लीन चिट दिए जाने के बाद ही पीडीएस दुकानों में चावल की सप्लाई की जाती है। उसके बाद भी पाली और करतला जैसे क्षेत्रों में खराब चावल वितरण के मामले सामने आने के साथ क्वालिटी इंस्पेक्टर की भूमिका पर सवाल उठने लगे हैं। जिले में चावल की आपूर्ति राइस मिलरों के द्वारा नागरिक आपूर्ति निगम के गोदामों में की जाती है। एक क्विंटल धान के बदले 65 किलो चावल जमा कराया जाता है और उन चावल को उसके पूर्व क्वालिटी इंस्पेक्टर के द्वारा टेस्ट किया जाता है और टेस्टिंग रिपोर्ट के बाद ही चावल को सप्लाई के योग्य माना जाता है। लेकिन जिस तरह से पाली और करतला विकास खंड के पीडीएस दुकानों में खराब चावल के वितरण के मामले सामने आ रहे हैं उससे नागरिक आपूर्ति निगम के क्वालिटी इंस्पेक्टर की भूमिका पर भी सवाल खड़े होने लगे हैं कि आखिर उनकी रिपोर्ट के बाद खराब चावल का वितरण दुकानों के माध्यम से कैसे हो रहा है।

शाही रथ पर सवार होकर निकले भगवान बालाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

क्षेत्र में मंगलवार 20 अक्टूबर को विजयादशमी का पर्व धूमधाम और पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया। भगवान बालाजी की भव्य रथयात्रा और रावण दहन के साथ जशपुर के राजसी दशहरा महोत्सव का रंगारंग समापन हुआ। इस अवसर पर रणजीता स्टेडियम में हजारों की संख्या में श्रद्धालु जुटे और असत्य पर सत्य की विजय के प्रतीक रावण दहन के साक्षी बने। विजयादशमी के अवसर पर भगवान बालाजी को सोलह श्रृंगार कर चांदी के सिंहासन पर विराजमान किया गया। इसके बाद राज परिवार के सदस्यों ने पूजा-अर्चना कर भगवान को लकड़ी के रथ पर विराजित किया। शाम करीब चार बजे बालाजी मंदिर से शाही रथयात्रा प्रारंभ हुई। शाही परिधान में सजे सैनिकअस्त्र-शस्त्र, तुरही, चंवर और छत्र के साथ भगवान की सेवा में उपस्थित रहे।



श्री बालाजी के रथ को खींचने उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

रथयात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। करीब एक किलोमीटर लंबे मार्ग पर भगवान बालाजी का रथ खींचने के लिए लोगों में होड़ लगी रही। श्रद्धालु रस्सी पकड़कर रथ खींचने को सौभाग्य मानते नजर आए। रास्ते में जगह-जगह भगवान बालाजी की पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद भगवान बालाजी की रथयात्रा रणजीता स्टेडियम पहुंची, जहां बड़ी संख्या में मौजूद श्रद्धालुओं ने दर्शन किए और नीलकंठ के दर्शन कर परंपरा का निर्वहन किया। सुबह से ही बालाजी मंदिर में दर्शन के लिए गांव-गांव से श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था।

जशपुर राज परिवार के साथ इनकी रही उपस्थिति

रथयात्रा में राज परिवार के सदस्य, आचार्य, पुस्तकाचार्य और राजपुरोहित भी अलग-अलग रथों पर सवार होकर शामिल हुए। पूरे आयोजन में भक्ति, परंपरा और राजसी वैभव की झलक देखने को मिली। अंत में रावण दहन के साथ दशहरा महोत्सव संपन्न हुआ और लोगों ने बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व हर्षोल्लास से मनाया।

रंगमंच में अभिनय और पटकथा लेखन में योगदान के लिए राष्ट्रीय सम्मान

जशपुरनगर। छत्तीसगढ़ की कला और सांस्कृतिक विरासत को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है। जशपुर के डॉ आनंद पांडेय को प्रतिष्ठित संगीत नाटक अकादमी उस्ताद बिस्मिल्लाह खां युवा पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। 19 अक्टूबर को नई दिल्ली के रवींद्र भवन स्थित मेघदूत थिएटर परिसर में आयोजित समारोह में केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने डॉ आनंद पांडेय को सम्मानित किया। डॉ आनंद पांडेय को रंगमंच और अभिनय के क्षेत्र में योगदान के लिए सम्मान मिला है। उन्होंने जशपुर के दूरस्थ आदिवासी अंचल में रंगमंच की परंपरा को आगे बढ़ाने और अभिनय के माध्यम से



अपनी अलग पहचान बनाने का काम किया है। वहीं, सारंगढ़ के घनश्याम साहू को नाटक लेखन और छत्तीसगढ़ी फिल्मों की पटकथा लेखन में विशिष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

मंत्री अग्रवाल ने दी शुभकामनाएं

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने डॉ आनंद पांडेय को बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ कला, संस्कृति और रचनात्मक प्रतिभाओं की अनमोल धरोहर से समृद्ध है। प्रदेश के दूरस्थ वनांचलों और छोटे शहरों से निकलकर कलाकारों का राष्ट्रीय मंच पर सम्मानित होना पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गर्व की बात है। मंत्री ने कहा कि डॉ आनंद पांडेय की उपलब्धियां नई पीढ़ी, रंगकर्मियों, लेखकों और फिल्म जगत से जुड़े लोगों को प्रेरित करेंगी। यह सम्मान प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करने के साथ कला और परंपराओं के संरक्षण एवं संवर्धन के ⏭शेष पेज 2 पर

पुरस्कारों की हुई बरसात, स्कूटी बनी आकर्षण का केंद्र

श्री नारायण जन कल्याण समिति का गरबा महोत्सव रहा ऐतिहासिक

जशपुरनगर। श्री नारायण जन कल्याण समिति जशपुर की ओर से आयोजित जशपुर गरबा महोत्सव 2026 इस वर्ष बेहद ऐतिहासिक और भव्य रहा। 22 वर्षों से अनवरत चली आ रही इस परंपरा ने इस साल नया रिकॉर्ड बना दिया। अंतिम दिन नवमी पर पूरा पंडाल खचाखच भरा रहा और हजारों की संख्या में जनसैलाब उमड़ पड़ा। समिति ने इस वर्ष 3 अक्टूबर से सभी प्रतिभागियों के लिए गरबा प्रशिक्षण प्रारंभ किया था। जिसके बाद 16 अक्टूबर से 19 अक्टूबर तक लगातार चार दिनों तक मुख्य गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया। इस वर्ष 1 हजार से अधिक प्रतिभागियों ने अपना पंजीयन कराकर माता रानी की आराधना में डांडिया और गरबा नृत्य किया। छोटे-छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। नवमी के दिन देर रात तक माता के भक्ति गीतों पर पूरा जशपुर झूमता रहा।



समिति अब एक और बड़ा आयोजन

21 2026 को बन्दगी द बैंड का लाइव शो नगर में हुआ। अमृतसर पंजाब के सबसे बड़े सिंगर का यह प्रोग्राम बालाजी ग्राउंड जशपुर में आयोजित हुआ।

राजपरिवार से लेकर समाजसेवियों तक की रही उपस्थिति

नवमी के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जशपुर राजपरिवार की छोटी बहू रानी श्रीमती संयोगिता सिंह जूदेव उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में कृष्ण कुमार राय, संजय सोनी, सतीश जायसवाल, सत्येंद्र सिंह एवं समस्त राजपुरोहित मंच पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में समस्तप्रायोजक सहित समिति के सभी प्रोजेक्ट सदस्य मंच पर मौजूद रहे।समिति के अध्यक्ष मनोज रमाकांत मिश्रा और गरबा समिति के अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने सभी आयोजकों को धन्यवाद दिया और आभार व्यक्त किया।

रायपुर-बिलासपुर के कलाकारों ने बांधा समां

श्री नारायण जन कल्याण समिति के म्यूजिक ग्रुप के अध्यक्ष कमलेश्वर सारथी ने बताया कि इस वर्ष महोत्सव में जशपुर के स्थानीय गायकों के अलावा विशेष रूप से रायपुर और बिलासपुर से आए हाई-प्रोफाइल कलाकारों ने मंच संभाला। उनकी धमाकेदार प्रस्तुति और माता के भजनों ने सभी दर्शकों का मन मोह लिया और भक्ति के साथ-साथ आधुनिक गरबा का अद्भुत संगम देखने को मिला।

पुरस्कारों की हुई बरसात, स्कूटी बनी आकर्षण का केंद्र

समापन अवसर पर समिति द्वारा सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया गया। बेस्ट गरबा डांस करने वाले प्रतिभागियों को अलग ⏭शेष पेज 2 पर

MARK OF EXCELLENCE

मार्क हॉस्पिटल में

उन्नत गैस्ट्रोएंटरोलॉजी सेवाएँ

लिवर, पेट एवं पाचन तंत्र से जुड़ी बीमारियों की आधुनिक जाँच, एंडोस्कोपी तथा विशेषज्ञ उपचार अब एक ही छत के नीचे।

- छाती में जलन व खट्टी डकार
- उल्टी, हिचकी, खून की उल्टी
- खाना निगलने में परेशानी
- कभी भी निगली वस्तु व आहार नली की समस्या
- दूरबीन द्वारा पेट व आँत की जांच
- दस्त में खून, लंबे समय से कब्ज़
- पीलिया, हेपेटाइटिस, लिवर सिरोसिस
- पेट की टी.बी., पेट में पानी पैंक्रियाज़ रोग का इलाज



प्रमुख सर्जरी

- अपेंडिक्स की सर्जरी
- पित्त की थैली की पथरी
- हर्निया का लेप्रोस्कोपिक विधि से सर्जरी
- आंतों की रुकावट का उपचार
- पेट एवं आंतों के ट्यूमर की सर्जरी
- लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
- पेट की आपातकालीन सर्जरी
- पेट की गांठ एवं सूजन का उपचार

✓ अनुभवी गैस्ट्रोएंटरोलॉजिस्ट
✓ आधुनिक एंडोस्कोपी सुविधा
✓ सटीक जाँच एवं प्रभावी उपचार
✓ लिवर एवं पाचन रोगों की सम्पूर्ण देखभाल

MARK HOSPITAL
SERVING - CARING - HEALING SINCE 2013
Tertiary Care - Super Speciality Hospital
NABH Accredited Hospital
Chantidih Road, Sarkanda, Bilaspur 495006 (C.G.)

24x7 SERVICES • CT SCAN • PATHOLOGY • PHARMACY • ICU
FOR AMBULANCE CALL:- 9691700486

Contact No:
07752-796230, 9039028850
Website: www.markhospital.com

AdPRAYAS

खबर संक्षेप

ताइक्वांडो में रिद्धि कश्यप ने जीता रजत पदक

शंकरगढ़। 26 वीं राज्य स्तरीय स्कूल गेम्स ताइक्वांडो प्रतियोगिता में शंकरगढ़ निवासी रिद्धि कश्यप ने द्वितीय स्थान हासिल कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। रायपुर में 15 से 18 अक्टूबर तक आयोजित इस प्रतियोगिता में रिद्धि ने अंडर-14 बालिका वर्ग के 32-35 किलोग्राम भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अपने नाम किया।



रिद्धि कश्यप, शंकरगढ़ निवासी मनीष कश्यप की पुत्री एवं विधायक प्रतिनिधि मुकेश कश्यप की भतीजी हैं। वह पीएम श्री सेजेस शंकरगढ़ में कक्षा छठवीं की छात्रा हैं। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त करना रिद्धि की मेहनत, लगन और खेल के प्रति समर्पण को दर्शाता है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार, विद्यालय और शंकरगढ़ क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

पुलिया से टकराई बाइक एक युवक की मौत

अम्बिकापुर। जगराता कार्यक्रम देखकर लौट रहे बाइक सवार ग्राम रजबहर के समीप अनियंत्रित होकर पुलिया से टकरा गए। दुर्घटना में गंभीर हुए एक युवक की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई जबकि दूसरा युवक घायल हो गया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार भैयाथान अंतर्गत ग्राम सत्य नगर निवासी शिव नारायण आ. महेश (25 वर्ष) गत दिन चचेरा भाई के साथ जगराता कार्यक्रम देखने रजबहर गए थे। रात को दोनों बाइक से वापस घर लौटने लगे और जैसे ही रजबहर पुलिया के समीप पहुंचे तभी अनियंत्रित होकर पुलिया से टकरा गए। दुर्घटना में शिव नारायण गंभीर रूप से घायल हो गया जबकि उसके चचेरे भाई को मामूली चोटे आई। घटना की जानकारी लगने पर परिजन शिव नारायण को सूरजपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

स्कूटी की टक्कर से ग्रामीण की उपचार के दौरान मौत

अम्बिकापुर। भूषा लेकर घर आ रहे स्कूटी सवार ग्रामीण को पीछे से आ रहे स्कूटी चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए ग्रामीण की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कायम किया है।

जानकारी के अनुसार दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम कतकालों निवासी हीरा लाल महंत आ. स्व. प्रहलाद महंत (47 वर्ष) रविवार को स्कूटी से भूषा लेने करजी चौक गया था। शाम को भूषा लेकर जैसे ही घर के सामने मुख्य मार्ग पर पहुंचा तभी पीछे से आ रहे स्कूटी क्रमांक सीजी 15 ईएल 0386 के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

एसईसीएल के 7 माइनिंग अफसरों के तबादले कृष्णा कुमार खदान के नए मैनेजर होंगे

बिश्रामपुर। एसईसीएल में माइनिंग संवर्ग के 7 अफसरों का तबादला कर उन्हें नई जिम्मेदारी दी गई है,गुरुवार 20 अक्टूबर को तीन अफसरों के संशोधित तबादला आदेश के साथ चार अन्य अधिकारियों के प्रभार बदले गए हैं।जारी आदेश में एरिया सेफ्टी ऑफिसर कुसमुंडा सुनील प्रसाद को सोहागपुर एरिया का जीएम ऑपरेशन नियुक्त किया गया है,संजय सिंह सब एरिया मैनेजर राजगमार कोरबा एरिया से बंगवार एवं दामिनी एरिया सोहागपुर का सब एरिया मैनेजर नियुक्त किया गया है। राजेश खम्परिया को सोहागपुर हेड क्वार्टर पोस्टिंग दी गई है,रेजा अहमद चिरमिरी से एरिया सेफ्टी ऑफिसर कुसमुंडा बिश्रामपुर रेहर खदान में बतौर मैनेजर पदस्थ जीएस ठाकुर को राजगमार यूजी कोरबा का सब एरिया मैनेजर नियुक्त किया गया है,दीपक भारद्वाज को सोहागपुर से दामिनी यूजी सोहागपुर खदान का मैनेजर नियुक्त किया गया है।कृष्णा कुमार कुसमुंडा से रेहर खदान बिश्रामपुर के नए मैनेजर नियुक्त किए गए हैं।

डांडिया नाइट में बड़ी संख्या में लोगों ने लिया हिस्सा



लखनपुर। लखनपुर में पहली बार सार्वजनिक रूप से सामूहिक रूप से डांडिया का भव्य और रंगारंग आयोजन जीआरए इंटरनेशनल स्कूल में हुआ। आयोजन में विद्यालय परिवार, अभिभावक एवं नगर के बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मंत्री राजेश अग्रवाल की धर्मपत्नी श्रीमती सुनीता अग्रवाल ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। भव्य आयोजन में रायपुर की सियादेश म्यूजिकल टीम एवं अंबिकापुर के गायक राजेश अग्रवाल के संगीत द्वारा सभी ने जमकर डांडिया और गरबा का आनंद लिया। इसके अलावा विभिन्न प्रकार के खेलों का भी आयोजन किया गया जिसमें सभी ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया, खेले के विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि श्रीमती सुनीता अग्रवाल ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों की छिपी प्रतिभाओं को निखारते हैं। साथ ही समाज के सभी लोगों के साथ जुड़कर संस्कृति से जुड़कर इसे आगे ले जाने का भी अवसर प्राप्त होता है। अजीत अग्रवाल ने कहा कि विद्यालय केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को सर्वांगीण विकास का अवसर देता है। प्राचार्य प्रभाकर उपाध्याय ने कहा कि ऐसे आयोजनों से कम्युनिटी गैदरिंग के माध्यम से सभी से जुड़ने और एक साथ एक मंच पर आने का भी अवसर मिलता है। इसके साथ ही विद्यालय प्रबंधन के अजीत अग्रवाल, मीतु अग्रवाल, अंश अग्रवाल एवं प्राचार्य प्रभाकर उपाध्याय तथा शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं अन्य उपस्थित रहे।

बारिश के दौरान 8 किमी कंठी घाट सड़क की हालत हो गई थी दयनीय

बलरामपुर से सामरी कुसमी जाने वाले मार्ग पर यात्री बस संचालन नहीं होने से बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर



पिछले दिनों जिले में हुई भारी बारिश तथा जिला मुख्यालय से महाराजगंज चांदों सामरी से होते हुए कुसमी जाने वाले मार्ग पर यात्री बसों के आवागमन पर लगा प्रतिबंध नहीं हटने से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। लगभग 8 किलोमीटर लंबी कंठी घाट मार्ग की सड़क बारिश में खराब हो जाने के कारण कलेक्टर के निर्देश अनुसार भारी वाहन एवं यात्री बसों के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया था लेकिन झमाझम बारिश का दौर थमने और मौसम साफ होने के बाद भी मार्ग के चालू नहीं होने की वजह से क्षेत्र के लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

बलरामपुर जिले में तीन माह पूर्व लगातार बारिश होने के वजह से कलेक्टर के निर्देशानुसार बलरामपुर से कंठी घाट होकर के कुसमी जाने वाली जाने वाली मार्ग को भारी वाहनों के लिए और यात्री बसों के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया था। जिसके बाद क्षेत्र के लोगों को आवागमन करने में परेशानी होना प्रारंभ हो गया 3 महीना का समय किसी तरह लोगों द्वारा बीता दिए लेकिन अब बारिश का दौर थम गया है इसके बावजूद समय पर सड़कों की मरम्मत नहीं होने से परिवहन सेवा प्रारंभ नहीं हो पा रहा है। लोगों का कहना है कि संबंधित विभाग और कलेक्टर को पहल करना चाहिए कि कंठी घाट की यथाशीघ्र मरम्मत करना चाहिए ताकि फिर से परिवहन सेवा चालू हो सके और लोगों को हो रहे परेशानी से मुक्ति मिल सके। मार्ग प्रतिबंधित होने से बलरामपुर से कंठी घाट होकर के कुसमी जाने वाले सभी वाहनों को वर्तमान में बलरामपुर राजपुर शंकरगढ़ होकर के कुसमी जाना पड़ रहा है जिससे लगभग 50 किलोमीटर की अतिरिक्त दूरी तय करना पड़ रहा है। लोगों को अतिरिक्त दूरी के साथ लगभग 2 घंटे से भी अधिक की समय अतिरिक्त बर्बाद हो रहा है।

ऐसे में कुसमी करौंदा से रामानुजगंज न्यायालय जाने वाले लोगों तथा रामानुजगंज और मुख्यालय आने वाले छात्र-छात्राओं काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। समय एवं पैसों की बर्बादी- पिछले 3 महीना से बसों का संचालन नहीं होने से लोगों को न सिर्फ परेशानी हो रही है बल्कि अतिरिक्त समय और पैसों की बर्बादी हो रही है। लोगों का कहना है कि ज्यादा खर्च में हमें कम लाभ हो रहा है पहले कम खर्चे में कम समय में लाभ प्राप्त होता था। साथ ही लंबी दूरी तय कर गाड़ी चलाने से वाहनों में भी खराबी आ रही हैं वहीं लंबी दूरी तय कर गंतव्य तक जाने के कारण समय की भी बर्बादी हो रही है।

छात्रों और मरीजों की बढ़ी परेशानी

बरसात समाप्त होने के बाद भी कंठी घाट मार्ग के प्रारंभ नहीं होने के कारण छात्रों एवं मरीजों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा है। पिछले दिनों छात्र परीक्षा देने बस से बलरामपुर आ रहा था बस शंकरगढ़ राजपुर हो करके बलरामपुर देरी से पहुंचा जिसके कारण छात्र परीक्षा देने से वंचित हो गया। इसी तरह जिला मुख्यालय स्थित जिला चिकित्सालय जिले के दूरदराज क्षेत्र से आने वाले मरीजों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

बस संचालन की मांग

क्षेत्र के लोगों ने बलरामपुर से महाराजगंज होते हुए कुसमी पहुंच मार्ग को जल्द शुरू करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि कंठी घाट मार्ग की 8 किमी सड़क खराब है। बारिश थमने और मौसम साफ होने के बाद भी मरम्मत शुरू नहीं की गई जिसका खामियाजा क्षेत्र के लोगों को भुगतना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि प्रशासन को चाहिए कंठी घाट के यथा शीघ्र मरम्मत करा कर बसों का संचालन प्रारंभ करें जिससे लोगों को राहत मिल सके।



विजयादशमी पर क्षत्रिय भवन में हुआ विधिवत शस्त्र पूजन

बिश्रामपुर। विजयादशमी के अवसर पर मंगलवार को नगर के क्षत्रिय भवन में क्षत्रिय समाज की ओर से पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ शस्त्र पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर शस्त्रों का पूजन किया गया तथा समाज की परंपरा, गौरव और सांस्कृतिक मूल्यों को बनाए रखने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई।

विजयादशमी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए समाज की एकता, आपसी सद्भाव और संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया गया।उपस्थित सदस्यों ने कहा कि समाज की समृद्ध परंपराओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाने और सामाजिक एकजुटता को बनाए रखने के लिए इस तरह के आयोजन महत्वपूर्ण हैं। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजनों एवं उपस्थित सदस्यों का शॉल-श्रीफल भेंटकर सम्मान भी किया गया। साथ ही आगामी वर्ष में कार्यक्रम को और बेहतर, व्यवस्थित एवं भव्य रूप से आयोजित करने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। सभी ने समाज हित में मिलकर कार्य करने तथा संगठन की गतिविधियों को और सक्रिय बनाने की बात कही। कार्यक्रम में जीएम ऑपरेशन अतुल सिंह, सीएमएचओ डॉ. प्रशांत सिंह, सुजीत सिंह, बी. किशोर, सचिव रमेश सिंह, दीपेंद्र चौहान, चंदन सिंह, अवनीश सिंह, प्रणय सिंह राणा, गोपाल सिंह विद्रोही, गौतम सिंह, आशीष सिंह, प्रेमचंद्र सिंह, रमाशंकर सिंह, राजेश सिंह, अरविंद सिंह, नीरज सिंह, उमेश सिंह, उज्ज्वल सिंह, अंकित सिंह चौहान सहित समाज के अन्य लोग उपस्थित रहे।

नौ दिनों तक मातारानी की भक्ति के बाद कालरात्रि मंदिर में जवारा विसर्जन



बिश्रामपुर। शारदीय नवरात्र के नौ दिनों तक भक्ति, आस्था और साधना से सराबोर रहे केनापारा स्थित स्वयंभू मां कालरात्रि मंदिर में मंगलवार को विधि-विधान के साथ ज्वारा विसर्जन कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान भक्तों ने मां भगवती की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि, खुशहाली और परिवार की मंगलकामना की।

नौ दिनों तक माता की आराधना में लीन रहे श्रद्धालुओं ने परंपरानुसार ज्वारा विसर्जन कर शारदीय नवरात्र को भावपूर्ण विदाई दी। कोयलांचल क्षेत्र में विशेष आस्था के केंद्र के रूप में प्रतिष्ठित स्वयंभू मां कालरात्रि मंदिर में नवरात्र के दौरान भक्तिमय वातावरण बना रहा। नौ दिनों तक श्रद्धालु पूरी श्रद्धा और विश्वास के साथ माता के दरबार में पहुंचकर पूजा-अर्चना करते रहे। नवरात्र की पूर्णाहुति के अवसर पर ज्वारा विसर्जन के साथ ही मंदिर में आयोजित धार्मिक अनुष्ठानों का समापन हुआ। ज्वारा विसर्जन केवल एक धार्मिक परंपरा नहीं, बल्कि भक्तों की अटूट आस्था, विश्वास और मां के प्रति समर्पण का प्रतीक भी है। विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं ने मां कालरात्रि से क्षेत्र में सुख-शांति, समृद्धि और खुशहाली बनाए रखने की प्रार्थना की। साथ ही भक्तों ने अगले वर्ष पुनः नवरात्र में माता की आराधना करने और उनका आशीर्वाद प्राप्त करने की कामना की।धार्मिक अनुष्ठानों की पूर्णाहुति के साथ मंदिर परिसर में शारदीय नवरात्र का पर्व संपन्न हुआ।



गरबा-डांडिया उत्सव में उमड़ा आस्था और उत्साह का सैलाब, महिलाओं ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

प्रतापपुर। नवरात्रि के अवसर पर मां दुर्गा की भक्ति, श्रद्धा और आस्था से सराबोर नगर में मां दुर्गा पूजा समिति बस स्टैंड द्वारा स्थानीय स्टेडियम ग्राउंड में गरबा-डांडिया उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान भक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा और पूरा स्टेडियम ग्राउंड माता रानी की भक्ति एवं उत्साह से गुंजायमान हो उठा।

गरबा उत्सव में बड़ी संख्या में महिला, पुरुष एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आकर्षक परिधानों में सजे प्रतिभागियों के हाथों में डांडिया और गरबा की धुन पर थिरकते नजर आए। विशेष रूप से महिलाओं में गरबा-डांडिया को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। महिलाएं अपने परिजन के साथ कार्यक्रम में पहुंचीं और एक से बढ़कर एक भक्ति गीतों एवं गरबा की धुन पर जमकर नृत्य करती नजर आईं। रंग-बिरंगे परिधानों, डांडिया की खनक और माता रानी के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। बच्चों से लेकर युवाओं और महिलाओं तक सभी में गरबा उत्सव को लेकर खासा उत्साह दिखाई दिया। श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से गरबा-डांडिया नृत्य कर नवरात्रि महापर्व को उल्लास और उमंग के साथ मनाया। आयोजन ने नगर में धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक एकता और सांस्कृतिक परंपरा की सुंदर झलक प्रस्तुत की। इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राजेश गुप्ता, अनमोल शर्मा, संरक्षक कमलेश गुप्ता, अरविंद जायसवाल,नवीन सोनू जायसवाल, विनोद जायसवाल,सूरज रजक, शुभम कश्यप, संजय जायसवाल, अंकित जायसवाल, आयुष अग्रवाल, सूर्या अग्रवाल, एवं सुमित गुप्ता, सोनू कश्यप, मनीष तायल, सूर्या अग्रवाल, सूर्या सहित समिति के सदस्य सक्रिय रहे।

साड़ी खरीदने के बहाने दुकान में घुसी महिलाएं 36 हजार की साड़ियां चुराई, 12 आरोपी गिरफ्तार



बिश्रामपुर। लटोरी-करवाँ मार्ग स्थित विकास वस्त्रालय में साड़ी खरीदने के बहाने पहुंचीं महिलाओं ने शातिर तरीके से 36 हजार रुपये की साड़ियां पार कर दीं। मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 10 महिलाओं और दो पुरुषों सहित कुल 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी गई साड़ियां भी बरामद कर ली गई हैं।

पुलिस के अनुसार, दुकान संचालक विवेकानंद विश्वास पिता सुशील विश्वास ने शिकायत दर्ज कराई कि 17 अक्टूबर की शाम करीब 7 बजे दो कारों से आधा दर्जन महिलाएं उनकी दुकान पहुंचीं,महिलाओं ने साड़ियां दिखाने को कहा,दुकानदार उन्हें साड़ियां दिखाने में व्यस्त था,तभी महिलाओं ने मौका देख पांच साड़ियां छीपाकर पार कर दीं,इसी समूह की कुछ महिलाएं दुकान से लगे गोदाम में भी साड़ियां देखने के बहाने पहुंचीं और वहां से साड़ियों का एक बंडल लेकर चुपके से निकल गईं। महिलाओं के जाने के बाद दुकानदार को चोरी की जानकारी हुई, जिसके बाद उसने पुलिस चौकी में शिकायत दर्ज कराई।

बनारस रोड पर तंबू लगाकर बेचने की फिराक में थीं - शिकायत मिलते ही पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू की,इसी दौरान पता चला कि संदिग्ध महिलाएं बनारस रोड पर सड़क किनारे तंबू लगाकर चोरी की साड़ियां बेचने के लिए बैठी हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सभी को हिरासत में लिया और चौकी लाकर दुकान संचालक से पहचान कराई। इसके बाद चोरी गई साड़ियां बरामद कर ली गईं। सभी आरोपी राजस्थान के बारां जिले के विभिन्न गांवों के निवासी बताए गए हैं,पुलिस के अनुसार उक्त सभी पकड़े गए आरोपी घुमंतू प्रवृति के हैं, इसी तरह के ठगी के कारोबार इनके द्वारा चलाने की जानकारी पूछताछ में सामने आई है। दुकान संचालक की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 331(4), 305(ए) और 303(2) के तहत अपराध दर्ज किया है,सभी 12 आरोपियों को गिरफ़्तार कर न्यायालय पेश किया है।

दुर्गा पंडालों में पहुंचीं मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, तीन निर्माण कार्यों की घोषणा

भैयाथान। कैबिनेट मंत्री एवं भटगांव विधायक लक्ष्मी राजवाड़े शनिवार को भैयाथान क्षेत्र के दौरे पर रहीं। इस दौरान उन्होंने विभिन्न गांवों में सजे सार्वजनिक दुर्गा पूजा पंडालों में पहुंचकर मां दुर्गा के दर्शन-पूजन किए तथा क्षेत्रवासियों की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। ग्रामीणों की मांग पर उन्होंने बड़सरा, बांसापारा और विरमताल में धार्मिक आयोजनों से जुड़ी तीन निर्माण कार्यों की घोषणा की।

ग्रामीणों की मांग पर बड़सरा में दुर्गा पंडाल के लिए मंच निर्माण, बांसापारा में दुर्गा पंडाल के सामने शेड निर्माण तथा विरमताल में दुर्गा पंडाल के लिए मंच निर्माण की घोषणा की गई। इन निर्माण कार्यों से गांवों में धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों के दौरान श्रद्धालुओं को सुविधा मिलने की उम्मीद है। मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने जूर, खड़गवां, बीरमताल, नवापारा, शिवपुर, गंगोटी,



बांसापारा, खुटरापारा, डबरीपारा, शिवप्रसाद नगर, सोनपुर डबरीपारा, बड़सरा, कुसमुसी, रगदा और चोपन के दुर्गा पूजा पंडालों में पहुंचीं। उन्होंने श्रद्धालुओं से मुलाकात कर नवरात्रि की शुभकामनाएं दीं। इसके साथ ही सुंदरपुर में आयोजित करमा प्रतियोगिता में भी शामिल हुई। मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि नवरात्रि हमारी आस्था, श्रद्धा और सामाजिक एकता का पर्व है।

मां दुर्गा से प्रार्थना है कि क्षेत्र में सुख, शांति और समृद्धि बनी रहे। ग्रामीणों की आवश्यकताओं और मांगों के अनुरूप क्षेत्र में विकास कार्यों को आगे बढ़ाना हमारी प्राथमिकता है। धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने करमा प्रतियोगिता के महत्व पर कहा कि करमा हमारी समृद्ध छत्तीसगढ़ी लोकसंस्कृति, परंपरा और जनजातीय विरासत का प्रतीक है। ऐसे आयोजन हमारी सांस्कृतिक पहचान को सहेजने और नई पीढ़ी तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। लोकनृत्य और लोक परंपराओं का संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

कुबेरपुर पहुंचीं मंत्री राजवाड़े, हादसे के बाद पुलिस कार्रवाई पर अधिकारियों को लगाई फटकार

सूरजपुर/बिहारपुर। सड़क दुर्घटना में महिला की मौत के बाद हुए उग्र प्रदर्शन आगजनी के मामले में पुलिसिया कार्रवाई अब राजनैतिक रूप लेता नजर आ रहा है। पुलिस द्वारा प्रदर्शन कारियों और आगजनी करने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी, गंभीर धाराओं के तहत अपराध दर्ज किए जाने को लेकर महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कड़ी नाराजगी जाहिर की है। मंत्री ने समय रहते स्थिति को नियंत्रित नहीं करने और ग्रामीणों द्वारा लगाए गये एक तरफा कार्रवाई एक आरोप पर अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई है। बता दें कि चांदनी थाना अंतर्गत ग्राम कुबेरपुर में क्रेशर प्लांट में लगे ट्रैक्टर के चालक की लापरवाही से स्कूटी सवार महिला चन्द्रावती जायसवाल पति संजय जायसवाल की मौत के बाद मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े मृतिका के परिजन से मिलने पहुंची थी। इस दौरान उन्होंने मृतिका के परिवार को सांत्वना दी। मुलाकात के दौरान ग्रामीणों ने पुलिस पर एक तरफा कार्रवाई का आरोप लगाया। ग्रामीणों ने इलाके में हो रहे कथित अवैध उत्खनन परिवहन का मुद्दा भी मंत्री के सामने उठाया।

पृष्ठ 1 का शेष

क्यों मनाया जाता...

पुलिसकर्मी देश की आंतरिक सुरक्षा, कानून-व्यवस्था बनाए रखने, अपराध नियंत्रण, नागरिकों की सुरक्षा तथा संकट की परिस्थितियों में आमजन की सहायता के लिए दिन-रात कार्य करते हैं। अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए अनेक पुलिसकर्मी अपने जीवन तक का बलिदान दे देते हैं। पुलिस स्मृति दिवस हमें उनके इसी साहस, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा का स्मरण कराता है। शहीद परिवारों के प्रति संवेदनशीलता एवं सहयोग का संदेश पुलिस स्मृति दिवस केवल शहीदों को श्रद्धांजलि देने का अवसर नहीं, बल्कि उनके परिवारों के प्रति सम्मान, संवेदना और उत्तरदायित्व व्यक्त करने का भी दिन है। शहीद पुलिसकर्मियों के परिजनों ने अपने प्रियजनों को खोकर देश की सुरक्षा के लिए एक अपूरणीय क्षति सहन की है। इसी भावना के अनुरूप कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने परिजनों के साथ आत्मीय संवाद किया और उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं को गंभीरता से सुना। उन्हें भरोसा दिलाया गया कि पुलिस विभाग उनके सम्मान, सहयोग और कल्याण के लिए सदैव प्रतिबद्ध है।

शहीदों का बलिदान सदैव प्रेरणा देता रहेगा- उमनि. एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह ने कहा कि शहीद पुलिसकर्मियों ने देश की सुरक्षा में सर्वोच्च बलिदान दिया है। उनकी वीरता, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्र के प्रति समर्पण हम सभी के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेंगे। उनकी शहादत हमें अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने व नागरिकों की सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर रहने की प्रेरणा देती है। उन्होंने शहीद परिवारों के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए कहा कि जशपुर पुलिस शहीदों के परिजनों के साथ सदैव खड़ी है। उनके सम्मान, सहयोग एवं समस्याओं के समाधान के लिए हरसंभव सकारात्मक प्रयास किए जाएंगे। पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर जशपुर पुलिस ने एक बार फिर राष्ट्र एवं समाज की सुरक्षा में अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर शहीद पुलिसकर्मियों को नमन करते हुए उनके आदर्शों पर चलने व कर्तव्यनिष्ठा के साथ जनसेवा करने का संकल्प किया। इनकी रही उपस्थिति- कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत, जनपद अध्यक्ष गंगाराम भगत, कलेक्टर जशपुर रोहित व्यास, उमनि एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार पाटनवार, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी जशपुर निमितेश सिंह, उप पुलिस अधीक्षक शुभम तिवारी, उप पुलिस अधीक्षक विनोद मंडावी, उप पुलिस अधीक्षक श्रीमती आशा लकड़ा, उप पुलिस अधीक्षक भावेश कुमार समरथ, रक्षित निरीक्षक अमरजीत खूंटे सहितशहीदों के परिजन, पुलिस अधिकारी- कर्मचारी एवं अन्य नागरिक उपस्थित रहे।

मंत्री अग्रवाल ने...

लिए भी प्रोत्साहन देगा। जशपुर के रंगमंच को मिली राष्ट्रीय पहचान डॉ आनंद पांडेय की उपलब्धि जशपुर सहित पूरे सरगुजा संभाग के रंगकर्मियों के लिए प्रेरणादायक है। सीमित संसाधनों वाले दूरस्थ क्षेत्र में रहकर रंगमंच को आगे बढ़ाने और राष्ट्रीय स्तर पर पहचान हासिल करने की उनकी यात्रा स्थानीय प्रतिभाओं के लिए मिसाल है। इस सम्मान से प्रदेश के आदिवासी अंचलों में मौजूद कलात्मक प्रतिभाओं को भी प्रोत्साहन मिलने की उम्मीद है।

सांस्कृतिक विरासत को राष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण संगीत नाटक अकादमी उस्ताद बिस्मिल्लाह खां युवा पुरस्कार प्रदर्शनकारी कलाओं के क्षेत्र में प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने वाला प्रतिष्ठित राष्ट्रीय सम्मान है। दोनों कलाकारों की उपलब्धि छत्तीसगढ़ की रचनात्मक क्षमता और सांस्कृतिक विरासत को राष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

पुरस्कारों की हुई...

से गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। बेस्ट ड्रेस के लिए भी विशेष पुरस्कार दिए गए। सभी बच्चों ने बड़े ही जोश और उत्साह के साथ अतिथियों का स्वागत किया। इस वर्ष का सबसे बड़ा आकर्षण बंपर लकी ड्रॉ रहा। शिव शक्ति टीवीएस के संचालक विकास गुप्ता एवं समाजसेवी राजकुमार ताम्रकार की ओर से बंपर पुरस्कार के रूप में एक इलेक्ट्रिक स्कूटी रखी गई थी। लकी ड्रा के माध्यम से इसका निर्णय किया गया, जिसमें संगीता भगत विजेता घोषित हुईं। स्कूटी मिलते ही उनके चेहरे पर खुशी देखते ही बन रही थी, पूरे पंडाल ने तालियों से उनका स्वागत किया।

22 साल पुरानी परंपरा जारी अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि संयोगिता सिंह जूदेव ने कहा कि, श्री नारायण जन कल्याण समिति की ओर से गरबा का यह कार्यक्रम सबसे पहले आज से 22 वर्ष पूर्व नगर के बालाजी मंदिर में प्रारंभ किया गया था, जो आज तक अनवरत जारी है। समिति लगातार जशपुर में भक्ति का वातावरण बना रही है। जशपुर का दशहरा और गरबा महोत्सव आज राष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध हो चुका है, जिसमें सभी वर्ग अपनी सहभागिता दे रहे हैं। मेरी जो भी आवश्यकता और सहयोग होगा, मैं हमेशा श्री नारायण जन कल्याण समिति के साथ खड़ी रहूंगी।



जॉली एलएलबी 4 में अरशद निभाएंगे लीड किरदार

नई दिल्ली। जॉली एलएलबी फ्रेंचाइजी बॉलीवुड की सबसे सफल फ्रेंचाइजी में से एक है। इसके पहले पार्ट में अरशद वारसी ने अपनी परफॉर्मेंस से सबका दिल जीत लिया था, वहीं दूसरे पार्ट में अक्षय कुमार ने शानदार परफॉर्मेंस दी थी। सबसे खास था तीसरा पार्ट, क्योंकि इसमें दोनों एक्टर्स एक साथ थे। वहीं,अब इस फ्रेंचाइजी की चौथी फिल्म भी आ रही है। लेकिन हो सकता है कि अक्षय कुमार जॉली एलएलबी 4 का हिस्सा ना बनें। एक रिपोर्ट के अनुसार, अरशद वारसी इस फ्रेंचाइजी की चौथी फिल्म में 'जॉली' के किरदार में वापसी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। बताया जा रहा है कि यह फिल्म एक 'प्रीक्वल' होगी।

लाइफ Style

साई

प्री-रिलीज इवेंट में गाया सुरीला भजन

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड एक्टर रणबीर कपूर और साई पल्लवी जल्द ही फिल्म 'रामायण' में नजर आने वाले हैं। फिल्म को लेकर फैंस में काफी एक्साइटमेंट है। 'रामायण' को बड़े लेवल पर बनाया गया है और अब एक्टर्स इसके प्रमोशन में जुटे हुए हैं।

अब हाल ही में हुए एक इवेंट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर छा गया है। सोमवार को हैदराबाद में फिल्म के प्री-रिलीज इवेंट में साई पल्लवी गुलाबी साड़ी पहनकर इवेंट में पहुंची थीं। कार्यक्रम के दौरान होस्ट सुमा ने उनसे गाना गाने के लिए कहा। इस दौरान उनके साथ रणबीर कपूर और यश भी नजर आए। शुरुआत में साई थोड़ी झिझकती नजर आईं, लेकिन फिर उन्होंने पूछा कि क्या वह कोई भजन गा सकती हैं। इसके बाद एक्ट्रेस ने मुस्कुराते हुए भजन गाना शुरू कर दिया। साई पल्लवी पूरे सहज अंदाज में भजन गाती नजर आईं। उनके इस खास पल के वीडियो जल्द ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स और इंस्टाग्राम पर वायरल होने लगे। फैंस ने भी उनके इस अंदाज की जमकर तारीफ की। नितेश तिवारी के निर्देशन में बन रही 'रामायणः राइज ऑफ ए लेजेंड' में रणबीर कपूर भगवान राम की भूमिका निभा रहे हैं। वहीं, साई पल्लवी माता सीता और रवि दुबे लक्ष्मण के किरदार में नजर आएंगे। फिल्म में यश रावण की भूमिका निभा रहे हैं। इस फिल्म का निर्माण माल्होत्रा के प्राइम फोकस स्टूडियोज ने डीएनईजी और यश की मॉन्स्टर माइंड क्रिएशंस के साथ मिलकर किया है।



हॉलीवुड मसाला

जुमांजी-5 का आया नया पोस्टर



नई दिल्ली। हॉलीवुड सिनेमा जगत के लोकप्रिय फिल्म फ्रेंचाइजी के बारे में बात की जाए तो उसमें ड्वेन जॉनसन स्टारर जुमांजी का नाम जरूर शामिल होगा। लंबे समय से जुमांजी पार्ट-5 को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। अब जुमांजी 5 का एक और नया पोस्टर सामने आ गया है, जिसे ड्वेन जॉनसन से सोशल मीडिया पर शेयर किया है। फिल्म के मुख्य किरदार गेम की दुनिया और असली दुनिया के बीच फंसे हुए नजर आ रहे हैं। इस पोस्ट को शेयर करते हुए अभिनेता ने कैप्शन में लिखा- दो दुनिया टकरा रही हैं। एक आखिरी गेम।



सहारा रे खुद का स्विमवियर लेबल किया था लॉन्च

लॉस एंजिल्स। मशहूर सिंगर जस्टिन बीबर की एक्स गर्लफ्रेंड सहारा रे का 34 साल की उम्र में निधन हो गया। कुछ महीनों पहले ही वह बेटी की मां बनी थीं। उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर भी आखिरी पोस्ट अपने मातृत्व पर ही की थी। रे ने मॉडलिंग और सोशल मीडिया पर्सनैलिटी के तौर पर अपना कॅरियर बनाया और अपना खुद का स्विमवियर लेबल, सहारा रे स्विम लॉन्च किया। 2016 में हवाई यात्रा के दौरान जस्टिन बीबर के साथ उनकी तस्वीरें सामने आने के बाद वे सुर्खियों में आईं। उनका नाम ऑस्ट्रेलियाई गायक कोडी सिम्पसन से भी जोड़ा गया था। सहारा के पिता ऑस्ट्रेलियाई सर्फिंग के दिग्गज टोनी रे थे । उन्होंने अपना अधिकांश बचपन ऑस्ट्रेलिया, कैलिफोर्निया के बीच यात्रा करते हुए बिताया।



करण ने किया 'आफ्टर डार्क' का ऐलान

नई दिल्ली। 19 अक्टूबर को 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' फ्रेंचाइजी के 14 साल पूरे होने के मौके पर, करण जौहर ने फैंस को बड़ा सरप्राइज दिया है। फिल्म मेकर ने 'स्टूडेंट ऑफ द ईयरः आफ्टर डार्क' नाम की एक नई वेब सीरीज की घोषणा की है, जिसमें शनाया कपूर नजर आएंगी। यह सीरीज मूल फिल्मों के कैंपस ग्लैमर को छोड़कर, रहस्य, हिंसा और डर से भरी एक डार्क दुनिया की कहानी पेश करेगी। यह वेब सीरीज 13 नवंबर को जियोहॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी। पहले लुक में शनाया कपूर खून से सनी हालत में नजर आ रही हैं, जो इस बात का इशारा है कि यह कहानी उस फ्रेंचाइजी से बिल्कुल अलग होगी जिसे दर्शक अब तक जानते आए हैं। सोशल मीडिया पर इस घोषणा को शेयर करते हुए, करण ने फ्रेंचाइजी के सफर को याद किया और इसके नए रूप की झलक दी।



नेपाल में रिलीज नहीं होगी उड़ता तीर

नई दिल्ली। बॉलीवुड एक्टर आयुष्मान खुराना और एक्ट्रेस सारा अली खान का नाम इन दिनों आने वाली फिल्म उड़ता तीर को लेकर चर्चा में बना हुआ है। स्पाई कॉमेडी जॉनर की इस मूवी की रिलीज में अधिक समय नहीं बचा है और इससे पहले नेपाल ने उड़ता तीर की रिलीज पर प्रतिबंध लगा दिया है। हिंदी फिल्म उड़ता तीर की स्क्रीनिंग केंद्रीय फिल्म सेंसर बोर्ड ने नेपाल में की गई और इस दौरान ये पाया गया है कि फिल्म में राष्ट्रीय सिनेमा अधिनियम की धारा 8(3) का उल्लघंन किया पाया गया है। इसकी वजह से इस फिल्म की रिलीज को मंजूरी नहीं दी जाएगी। इस मूवी का कंटेंट राष्ट्रीय सुरक्षा, सार्वजनिक व्यवस्था या मित्र देशों के साथ संबंधों पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। आयुष्मान खुराना और सारा अली खान की उड़ता तीर को 23 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा।

टीवी मसाला

टीवी पर 'अप्सरा' बनकर कमबैक कर रहीं अविका

नई दिल्ली। अविका गोर, स्टार प्लस के आने वाले सुपरनैचुरल शो 'अप्सरा' में 'अप्सराओं की रानी' के रूप में टेलीविजन पर वापसी कर रही हैं। शो के शानदार प्रीमियर एपिसोड में वह अपनी दमदार मौजूदगी, ग्रेस और गहरी भावनाओं के साथ नजर आएंगी। समुद्र मंथन से प्रेरित, मुक्ता ढोंड के इस प्रोडक्शन में समीक्षा जायसवाल 'सुनहरी' का किरदार निभा रही हैं। कहानी में सुनहरी बुरी ताकतों से लड़कर अमृत की रक्षा करती है और साथ ही अपने लोगों को भी सुरक्षित रखती है। इस शो में पारस कलनावत, अनुष्का मर्चंडे और अदा खान भी अहम भूमिकाओं में हैं। शो से जुड़ने के बारे में बात करते हुए, अविंका कहती हैं, 'मेरे लिए किरदार और कहानी मायने रखती है, मीडियम कोई भी हो। जब मुझे यह किरदार मिला, तो इसमें मौजूद कई लेयर्स देखकर मैं प्रभावित हो गई। यह पावरफुल और प्रभावशाली है लेकिन साथ ही उसमें कुछ कमजोरियां भी हैं। इस किरदार को निभाने से मुझे रोमांस और एक्शन से लेकर भावनात्मक पलों और डांस तक, सब कुछ एक्सप्लोर करने का मौका मिला। इस फैंटेसी दुनिया को जीवंत बनाने के लिए भव्य कॉस्ट्यूम, गहने और खास स्टाइलिंग की जरूरत थी। अविका इस ट्रांसफॉर्मेशन को अपने आप में एक अनोखा अनुभव बताती हैं, जहां हर छोटी डिटेल ने उन्हें अपने किरदार में ढलने में मदद की। वह इस शानदार और अलग दुनिया को रचने का क्रेडिट प्रोड्यूसर मुक्ता ढोंड और विक्रम घई को देती हैं। साथ ही, वह बताती हैं कि मनीष और अदा खान के साथ काम करने से यह अनुभव और भी मजेदार हो गया।



बिग बॉस से खत्म हुआ अमन का सफर

नई दिल्ली। टीवी के सबसे चर्चित रियलिटी शो 'बिग बॉस 20' के हालिया वीकेंड का वार में काफी ड्रामा देखने को मिला। एक तरफ सलमान खान ने कई कंटेस्टेंट्स की क्लास लगाई, तो वहीं अमन गांधी का शो से सफर खत्म हो गया। अमन गांधी के एविक्शन पर आरिश्फा खूब रोते हुए नजर आईं। इनके अलावा होस्ट सलमान खान ने यह अपडेट भी दिया कि अगला वीकेंड का वार में वह नजर नहीं आएंगे। शो को कौन होस्ट करेगा इसकी जानकारी भी भाईजान ने सभी को दी। 'बिग बॉस 20' से बीते दिन अमन गांधी का सफर खत्म हो गया है। सलमान खान ने बताया था कि इस हफ्ते जो तीन कंटेस्टेंट्स बॉटम जोन में हैं, उनमें अमन गांधी, उदिति सिंह और मेरी कॉम शामिल हैं। उदिति के पास दो लाइफलाइन थीं, जबकि अमन और मेरी के पास एक-एक ही लाइफ लाइन बची थी। ऐसे में अमन गांधी कम वोट मिलने की वजह से बाहर हो गए।



रामायण के बाद आएंगी जटायू, अंगद हनुमान और इंद्रजीत पर फिल्में

नई दिल्ली। रामायण मूवी से जुड़े एक इवेंट में मेकर्स ने अपना विजन रिवील करते हुए सबके होश उड़ा दिए हैं। रामायण पार्ट-1 और पार्ट-2 के बाद चीजें यहीं नहीं रुकने वाली हैं। नितेश तिवारी की फिल्म 'रामायण' में सनी देओल सरप्राइज फैक्टर बने हुए हैं। फिल्म से रणबीर कपूर (राम), साई पल्लवी (सीता), यश (रावण) और अन्य किरदारों के लुक भी रिलीज किए जा चुके हैं, लेकिन सनी देओल का लुक सीक्रेट रखा गया है। फिल्म में सनी देओल हनुमान जी का रोल प्ले करते नजर आएंगे और अब खबर है कि सनी देओल को लेकर नमित मल्होत्रा एक अलग फिल्म भी प्लान कर रहे हैं। नमित मल्होत्रा का विजन काफी बड़ा है, वह सिर्फ 'रामायण' तक नहीं रुकने वाले हैं। इसके बाद वह उन किरदारों को लेकर अलग फिल्में प्लान कर रहे हैं, जिनकी कहानी अभी तक लोगों के लिए अनसुनी रही है।



इन किरदारों पर आएंगी अलग फिल्में? : रामायण पार्ट-2 के बाद मेकर्स अंगद, हनुमान, जटायू, इंद्रजीत और शूर्पनखा पर अलग फिल्में प्लान कर रहे हैं। हर किरदार की कहानी लोगों ने 'रामायण' मूवी में तो सुनी है, लेकिन उनकी अपनी कहानी क्या है? नई पीढ़ी इससे काफी हद तक अछूती रह जा रही है। इसके अलावा क्योंकि मेकर्स इस प्रोजेक्ट को ग्लोबल लेवल पर भुनाने की कोशिश कर रहे हैं, इसलिए यह भारत के टूरिज्म, फिल्म इंडस्ट्री और अन्य पहलुओं पर भी काफी बड़ा गेम साबित हो सकती है। एक यूजर ने इवेंट की झलकियां लीक करते हुए लिखा- भाई साहब, नमित बहुत बड़ा गेम खेलने की सोच रहा है।

यहीं नहीं रुकने वाली है रामायण की कहानी

हैदराबाद में आयोजित एक इवेंट में 'रामायण' मूवी से सनी देओल का हनुमान जी वाला लुक रिवील किया गया। इसके अलावा मेकर्स ने इसी इवेंट में एक और शॉकिंग ऐलान करते हुए बताया कि 'रामायण : पार्ट-2' के बाद चीजें यहीं नहीं रुकने वाली हैं। मेकर्स ने कई स्पिन ऑफ मूवी प्लान की हैं। तकरीबन 4 हजार करोड़ रुपये की लागत में बन रही फिल्म रामायण के प्रोड्यूसर नमित मल्होत्रा ने रामायण-2 के बाद उनकी अपकमिंग अन्य फिल्मों के पोस्टर्स रिलीज किए और बताया कि असल में यह हमारे सफर की बस शुरुआत भर है।

अक्का का टीजर जारी, आमने सामने होंगी कीर्ति और राधिका

मुंबई। अभिनेत्री कीर्ति सुरेश और राधिका आप्टे जल्द ही आने वाली सीरीज 'अक्का' में एक साथ नजर आएंगी। यह 1980 के दशक की पृष्ठभूमि पर आधारित गैंगस्टर ड्रामा है। अब नेटफ्लिक्स ने कीर्ति के जन्मदिन के मौके पर सीरीज का टीजर जारी कर दिया है। इसके साथ ही मेकर्स ने सीरीज की रिलीज डेट का भी ऐलान किया। टीजर में कीर्ति सुरेश 'भवानी' और राधिका आप्टे 'रुद्रा' के किरदार में नजर आ रही हैं। टीजर में ऐसी जगह की कहानी दिखाई गई है, जहां 800 साल से औरतों का राज चलता है। इसके बाद कीर्ति की एंट्री होती है, जो कहती हैं कि हमारे यहां औरतें सिर्फ घर नहीं, कारोबार भी चलाती हैं। वहीं, जो भी उनके खिलाफ जाता है उसे सख्त सजा भी मिलती है। लास्ट में राधिका का एक छोटा सा सीन दिखाई देता है, जो कहता है कि बहनों का राज खत्म करने का समय आ गया है। ऐसे में यह साफ है कि सीरीज में राधिका और कीर्ति आमने-सामने नजर आएंगी। वाईआरएफ एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी 'अक्का' से धर्मराज शेट्टी निर्देशन की दुनिया में कदम रख रहे हैं। उन्होंने ही इस सीरीज की कहानी भी लिखी है। इसकी कहानी पेरनुरु नाम की एक रियासत में सेट है, जिसे कई पीढ़ियों की महिलाओं ने बनाया, चलाया और सुरक्षित रखा है। परंपराएं, सत्ता की लड़ाई और आपसी दुश्मनी इसकी कहानी का अहम हिस्सा हैं।कीर्ति सुरेश और राधिका आप्टे के अलावा इस सीरीज में तन्वी आजमी भी नजर आएंगी। आदित्य चोपड़ा, योगेंद्र मोगरे और अक्षय विधानी इसके कार्यकारी निर्माता हैं। 'अक्का' का प्रीमियर 30 अक्टूबर को नेटफ्लिक्स पर होगा। एक बयान के अनुसार, कीर्ति ने कहा, 'हर साल दर्शकों से मिलने वाला प्यार इस दिन को मेरे लिए बेहद खास बनाता है। 'अक्का' के टीजर को रिलीज करके अपना जन्मदिन मनाना मेरे लिए बहुत खास है, क्योंकि यह प्रोजेक्ट मेरे दिल के बेहद करीब है।



एलन मस्क से लेकर मार्क जुकरबर्ग तक

सिनेमा में छाई अरबपतियों पर बनीं ये बिलिनेयर बायोपिक फिल्में

नई दिल्ली। दुनियाभर के बड़े-बड़े अरबपतियों की निजी जिंदगी की कहानी किसी फिल्म स्टोरी से कम नहीं होती है। संघर्ष से लेकर सफलता के मुकाम तक पहुंचने का सफर सिनेमा के आईने से काफी खूबसूरत नजर आता है। आज इस लेख में हम आपको एलन मस्क से लेकर मार्क जुकरबर्ग जैसे विश्व के उन बिलिनेयर के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनके जीवन पर बायोपिक फिल्में बन चुकी हैं या फिर भविष्य में रिलीज होने वाली हैं।

द सोशल रेकनिंग

सोशल मीडिया कंपनी मेटा के सह-संस्थापक, चेयरमैन और मुख्य कार्यकारी अधिकारी के तौर पर मार्क जुगरबर्ग को जाना जाता है। इनका नाम दुनिया के 10 सबसे अमीर टेक बिजनेसमैन में से एक है। इतना ही नहीं फेसबुक के संस्थापक के तौर पर भी जुगरबर्ग की पहचान है। हाल ही में रिलीज हुई फिल्म द सोशल रेकनिंग में जुगरबर्ग की कहानी को दर्शाया गया है, जिसका डायरेक्शन आरोन सोर्किन ने किया है। इस मूवी में हॉलीवुड अभिनेता जेरेमी स्ट्रॉन्ग ने मार्क जुगरबर्ग की भूमिका निभाई है।

द रिचेस्ट वुमन इन द वर्ल्ड

फ्रेंच-बेल्जियन कॉमेडी-ड्रामा फिल्म द रिचेस्ट वुमन इन द वर्ल्ड में फ्रांस की मशहूर कॉस्मेटिक्स कंपनी L'Oral (लोरियल) की उत्तराधिकारी लिलियन बेटेनकोर्ट की कहानी को दर्शाया गया है। साथ ही कानूनी विवाद के जीवन संघर्ष को भी इसमें शामिल किया गया है। ये फिल्म साल 2025 में रिलीज हुई थी और ये अमेजन प्राइम वीडियो पर भी मौजूद है।



आर्टिफिशियल

दुनिया के मशहूर बिजनेसमैन और ओपनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन के जीवन पर आधारित फिल्म आर्टिफिशियल का नाम लंबे समय से चर्चा का विषय बना हुआ है। इस मूवी में स्पाइडर-मैन फेम हॉलीवुड सुपरस्टार एंड्रयू गारफील्ड सैम का किरदार निभा रहे हैं और ये फिल्म इसी साल क्रिसमस के मौके पर 25 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी।

स्वाइप्ड

साल 2025 में रिलीज होने वाली बायोग्राफिकल ड्रामा हॉलीवुड फिल्म स्वाइप्ड का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। जिसमें ऑनलाइन डेटिंग ऐप टिंडर की सह-संस्थापक और बाद में बंबल की स्थापना करने वाली व्हिटनी वोल्फ हर्ड की कहानी को दिखाया गया है। मूवी में हॉलीवुड अभिनेत्री लिली जेम्स ने वोल्फ का किरदार निभाया है।

मस्क : डॉक्यूमेंट्री

इस सूची में अगला नाम दुनियाभर के सबसे अमीर बिजनेसमैन और सोशल मीडिया एक्स के मालिक एलन मस्क का आता है। टेस्ला और स्पेश एक्स जैसे कई बड़े-बड़े ब्रांड्स के लिए मशहूर मस्क के जीवन पर बनने वाली डॉक्युमेंट्री फिल्म का प्रीमियर बीते महीने 8 सितंबर को वेनिस फिल्म फेस्टिवल में हुआ था। इसके बाद इसे 9 अक्टूबर को अमेरिकी सिनेमाघरों में रिलीज किया गया।

खबर संक्षेप

चाकू की नोक पर लूट के दो आरोपी गिरफ्तार

रायगढ़। घरघोड़ा थाना क्षेत्र में राहगीर से आईफोन छीनने और ट्रेलर चालक को चाकू दिखाकर लूटपाट करने के मामलों का पुलिस ने खुलासा किया है। दोनों घटनाओं में शामिल बताए जा रहे तीन आरोपियों में से दो को गिरफ्तार किया गया है, जबकि तीसरा आरोपी फरार है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से झपटमारी में लूटा गया आईफोन और वारदात में इस्तेमाल काले रंग की हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद की है। एसएसपी शशि मोहन सिंह के निर्देशन में घरघोड़ा पुलिस ने यह कार्रवाई की। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक पहली घटना 13 अक्टूबर की रात करीब 9 बजे घरघोड़ा-धरमजयगढ़ मार्ग पर बंगाली ढाबे के सामने हुई। ग्राम टेरम निवासी 24 वर्षीय सूरज राठिया का रास्ता रोककर काली हीरो स्प्लेंडर पर सवार तीन युवकों में से एक ने उसकी जेब से आईफोन छीन लिया। इसके बाद तीनों रायगढ़ रोड की ओर भाग निकले। पीड़ित ने 18 अक्टूबर को घरघोड़ा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। दूसरी वारदात 16 अक्टूबर की रात करीब 2 बजे घरघोड़ा बाईपास स्थित हनुमान ईंट भट्ठे के सामने हुई। बिहार निवासी ट्रेलर चालक रंजीत कुमार सिंह के वाहन को तीन युवकों ने ओवरटेक कर रोक लिया। आरोप है कि बदमाशों ने चाकू दिखाकर चालक को नीचे उतारा और गाली-गलौज करते हुए हाथ-मुक्कों तथा बेल्ट से मारपीट की। पांच हजार रुपये की मांग पूरी नहीं होने पर उसका रेडमी मोबाइल, मोबाइल कवर में रखे तीन हजार रुपये और ड्राइविंग लाइसेंस लूट लिया। आरोपियों ने शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। दोनों घटनाओं की जांच के दौरान घरघोड़ा पुलिस ने संदिग्धों की तलाश कर सुरेंद्र चौहान और सुमेष प्रधान को पकड़ लिया।

निर्माण लागत में 25 फीसदी तक बढ़ोत्तरी

रायगढ़। इन दिनों अपना घर बनाने का सपना अब आम आदमी की जेब पर भारी पड़ने लगा है। जमीन खरीदने से लेकर मकान की नींव रखने और छत तैयार करने तक पहले ही बड़ी रकम खर्च करनी पड़ती है। अब निर्माण सामग्री की कीमतों में बढ़ोतरी और मजदूरी दरों में इजाफे ने इस खर्च को और बढ़ा दिया है। स्थानीय बाजार में पिछले 6 महीनों के दौरान छड़, सीमेंट और गिट्टी के दाम बढ़ने के साथ ही राजमिस्त्री और सामान्य मजदूरों की मजदूरी भी बढ़ गई है। इसका सीधा असर उन परिवारों पर पड़ रहा है, जो सीमित आय में धीरे-धीरे अपना मकान तैयार करने की योजना बना रहे हैं। निर्माण कार्य से जुड़े ठेकेदारों के मुताबिक, इस अवधि में कुल निर्माण लागत में करीब 25 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई है। मकान निर्माण में सबसे अधिक इस्तेमाल होने वाली सामग्री की कीमतों में बढ़ोतरी ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। स्थानीय बाजार से मिले भावों के अनुसार, 6 महीने पहले छड़ करीब 48 रुपये प्रति किलो मिल रही थी, जिसकी कीमत अब बढ़कर 58 से 60 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गई है। इसी तरह सीमेंट की एक बोरी का भाव करीब 250 रुपये से बढ़कर 280 रुपये हो गया है। गिट्टी की एक ट्रॉली के लिए अब करीब 3 हजार 600 रुपये खर्च करने पड़ रहे हैं, जबकि पहले इसका भाव लगभग 3 हजार 300 रुपये था। बालू के लिए ट्रैक्टर के हिसाब से 2 हजार से 2 हजार 200 रुपए तक चुकाने पड़ रहे हैं। वहीं ईंट की कीमत भी निर्माण बजट का महत्वपूर्ण हिस्सा बनी हुई है।

रेलवे स्टेशन में रेल जनसंवाद कार्यक्रम

रायगढ़। यात्रियों की समस्याओं को समझने और रेलवे सुविधाओं में सुधार के उद्देश्य से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायगढ़ सहित अन्य स्टेशन में 22 अक्टूबर को एक दिवसीय पैन इंडिया रेल जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। रेलवे बोर्ड के दिशा-निर्देशों के अनुरूप विशेष अभियान 6.0 के अंतर्गत होने वाले इस कार्यक्रम में बिलासपुर सहित मंडल के सभी रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों और आम नागरिकों से सीधे संवाद किया जाएगा। इस पहल के माध्यम से रेलवे प्रशासन यात्रियों की समस्याओं, सुझावों और अपेक्षाओं को जानकर यात्री सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में कदम उठाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य रेलवे सेवाओं को अधिक सुविधाजनक, जवाबदेह और यात्री-केंद्रित बनाना है।

छत्तीसगढ़ की कला प्रतिभाओं ने राष्ट्रीय मंच पर लहराया परचम

डा. आनन्द व घनश्याम को मिला प्रतिष्ठित उस्ताद बिस्मिल्लाह खान युवा पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

प्रदेश के दो प्रतिभाशाली कलाकारों को संगीत नाटक अकादमी के प्रतिष्ठित उस्ताद बिस्मिल्लाह खान युवा पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। सुदूर आदिवासी अंचल जशपुर में रंगमंच की अलख जगाने वाले डॉ. आनन्द पाण्डेय को उत्कृष्ट अभिनय तथा सारंगढ़ के घनश्याम साहू को विशिष्ट नाट्य लेखन एवं छत्तीसगढ़ी फिल्मों में प्रभावशाली पटकथा लेखन के लिए यह राष्ट्रीय सम्मान मिला है। दोनों कलाकारों की इस उपलब्धि ने छत्तीसगढ़ की रचनात्मक प्रतिभाएं सांस्कृतिक समृद्धि और नाट्य परंपरा को राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। इस उपलब्धि के लिए संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने दोनों कलाकारों को बधाई दी है। छत्तीसगढ़ के वनांचलों और छोटे कस्बों से निकलकर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित करने वाले इन कलाकारों की सफलता इस बात का प्रमाण है कि प्रतिभा और सृजनशीलता किसी भौगोलिक सीमा की मोहताज नहीं होती।

- पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने दोनों कलाकारों को दी बधाई
- छत्तीसगढ़ की कला और संस्कृति को राष्ट्रीय पहचान दिलाने वाले कलाकार प्रदेश की अमूल्य धरोहर





पुरस्कार देते केन्द्रीय संस्कृति मंत्री।

डॉ. आनन्द ने रंगमंच को दी नई पहचान

छत्तीसगढ़ के सुदूर आदिवासी अंचल जशपुर में रंगमंच की परंपरा को आगे बढ़ाने और अभिनय के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित करने वाले डॉ. आनन्द पाण्डेय को उत्कृष्ट अभिनय के लिए प्रतिष्ठित उस्ताद बिस्मिल्लाह खान युवा पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। उनकी यह उपलब्धि जशपुर सहित पूरे सरगुजा अंचल और छत्तीसगढ़ के रंगमंच से जुड़े कलाकारों के लिए प्रेरणादायी है। डॉ. पाण्डेय की कला साधना इस बात का उदाहरण है कि सीमित संसाधनों और दूरस्थ क्षेत्रों में रहकर भी प्रतिभा, परिश्रम और समर्पण के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई जा सकती है।

नाट्य लेखन और छत्तीसगढ़ी सिनेमा को दिलाया गौरव

सारंगढ़ के प्रतिभाशाली लेखक घनश्याम साहू को उनके विशिष्ट नाट्य लेखन और छत्तीसगढ़ी फिल्मों में उत्कृष्ट पटकथा लेखन के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया है। उनकी यह उपलब्धि प्रदेश की साहित्यिक, नाट्य और सिनेमाई रचनात्मकता के लिए महत्वपूर्ण है। नाट्य लेखन और पटकथा लेखन किसी भी रंगमंचीय प्रस्तुति अथवा फिल्म की आत्मा होते हैं। प्रभावशाली कथानक, संवेदनशील संवाद और सामाजिक जीवन से जुड़े विषयों को रचनात्मक अभिव्यक्ति प्रदान करने में लेखकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। श्री साहू को मिला यह सम्मान छत्तीसगढ़ी भाषा, साहित्य और सिनेमा के क्षेत्र में कार्यरत रचनाकारों के लिए उत्साहवर्धक है।



हरियाणा में छग कला संस्कृति की खुशबू विखेर रहे स्वयं सेवक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय राष्ट्रीय एकता शिविर फतेहाबाद हरियाणा में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए शहीद नंदकुमार पटेल विश्व विद्यालय के 8 स्वयं सेवक कार्यक्रम अधिकारी भोजराम पटेल के नेतृत्व में सहभागी होकर दस राज्यों के स्वयंसेवकों के मध्य अपनी छत्तीसगढ़ी कला व संस्कृति के माध्यम से एक भारत श्रेष्ठ भारत का संदेश दे रहे हैं। वहीं छत्तीसगढ़ के लोक कला पर आधारित गीत व नृत्य की प्रस्तुति से शिविराथियों तथा शिविर ग्राम भट्टू के लोगों को विशेष रुप से प्रभावित कर रहे है।

विदित हो कि हरियाणा प्रांत में 2 हायर सेकण्डरी स्तर के राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयं सेवकों का राष्ट्रीय एकता शिविर दिनांक 16 से 22 अक्टूबर तक भट्टू फतेहाबाद में युथ फार माय एवं युथ फार डिजीजल लिट्रेसी थीम पर संचालित है। जहाँ दिल्ली, चंडीगढ़, पंजाब, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, हिमांचल प्रदेश, हरियाणा के सात जिला से स्वयं सेवक भाग ले रहे है। इस शिविर में छत्तीसगढ़ के शहीद नंदकुमार पटेल विश्व विद्यालय रायगढ़ से रासेयो के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. कौर चौबे के निर्देशन में 4 छात्र एवं 4 छात्रा सहभागी होकर अपने प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए यहां की कला संस्कृति की खुशबू से अधिकारी एवं शिविरार्थियों को विशेष रूप से प्रभावित कर रहे है। दिनांक 18 अक्टूबर को इन स्वयं सेवकों को अग्रोहाधाम एवं सिंधुघाटी की सभ्यता के पुरातात्विक स्थलों का भ्रमण कराया गया 19 अक्टूबर को शिविर ग्राम भट्टू में सांस्कृतिक रैली निकाल कर राष्ट्रीय एकता पर्यावरण सुरक्षा विकसित भारत नशामुक्ति जागरुकता का संदेश दिया गया। नगर के चौक चौराहो में नुक्कड नाटक के माध्यम से नशामुक्ति एवं स्वच्छता का संदेश दिया गया।

एक राष्ट्र, एक चुनाव पर युवा रखेंगे अपने विचार

युवा संसद की जिला स्तरीय प्रतियोगिता 3 नवंबर को

जशपुरनगर। 'मेरा युवा भारत' के तहत युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की ओर से विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2027 के अंतर्गत विकसित भारत युवा संसद 2027 की जिला स्तरीय चैंपियनशिप का आयोजन 3 नवंबर 2026 को शासकीय एनईएस महाविद्यालय जशपुर में किया जाएगा। इस प्रतियोगिता का विषय "एक राष्ट्र एक चुनाव" निर्धारित किया गया है।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर अपने विचार व्यक्त करने के लिए मंच प्रदान करना तथा उनमें लोकतांत्रिक चेतना, संवैधानिक मूल्यों, तार्किक चिंतन, संवाद कौशल एवं नेतृत्व क्षमता का विकास करना है। यह पहल विकसित भारत 2047 के संकल्प के अनुरूप युवाओं को राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में सक्रिय भागीदार बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रतियोगिता की प्रमुख विशेषताएं- प्रतियोगिता में 18 से 25 वर्ष की आयु के युवा भाग लेने के पात्र होंगे। आयु की गणना 17 अगस्त 2026 की



निर्धारित कट-ऑफ तिथि के अनुसार की जाएगी। प्रत्येक प्रतिभागी को निर्धारित विषय पर अपने विचार प्रस्तुत करने के लिए 3 मिनट का समय दिया जाएगा। प्रतिभागी हिंदी, अंग्रेज़ी सहित दिशा-निर्देशों में अनुमत भाषाओं में अपना भाषण प्रस्तुत कर सकेंगे। प्रतिभागियों का मूल्यांकन विषय-वस्तु की प्रासंगिकता, भाषण की स्पष्टता एवं संरचना, मौखिक संप्रेषण एवं शारीरिक हाव-भाव, नवाचार एवं रचनात्मकता, भाषा एवं प्रवाह तथा निर्धारित समय के पालन जैसे मानदंडों के आधार पर किया जाएगा। जिला से राज्य और राष्ट्रीय स्तर तक अवसर- इस प्रतियोगिता में जिला स्तर के शीर्ष 3 प्रतिभागियों का चयन राज्य स्तरीय चैंपियनशिप के लिए किया जाएगा। राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। विकसित भारत युवा संसद 2027 युवाओं को राष्ट्रीय मुद्दों की समझ विकसित करने, विभिन्न विचारों के प्रति सम्मान एवं सहिष्णुता बढ़ाने तथा लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में सार्थक भागीदारी के लिए प्रेरित करने की एक महत्वपूर्ण पहल है।

पंजीकरण एवं आवेदन- इच्छुक एवं पात्र युवा माय भारत पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। मेरा युवा भारत, जशपुर द्वारा जिले के पात्र युवाओं से इस प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लेने तथा अपने विचारों, तर्कों और रचनात्मक दृष्टिकोण के माध्यम से विकसित भारत के निर्माण में योगदान देने की अपील की जाती है।

वित्त मंत्री ने किया गौ चिकित्सालय का शुभारंभ, बताया सेवा का नया अध्याय

रायगढ़। शहर की ऐतिहासिक धरोहर चक्रधर गौशाला में गायों के समुचित उपचार के लिए नवनिर्मित अत्याधुनिक चिकित्सालय का शुभारंभ वित्त मंत्री ओपी चौधरी के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर उन्होंने गौशाला प्रबंधन, ट्रस्ट के पदाधिकारियों और नई पीढ़ी के युवा कार्यकर्ताओं की मुक्तकंठ से सराहना की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि गौसेवा ही सबसे बड़ी सेवा है। गौ माता के समुचित इलाज के लिए आप लोगों ने जो पहल की हैए वह अत्यंत सराहनीय और अनुकरणीय है। शहर के मध्य में स्थित इस महत्वपूर्ण स्थल को गौसेवा के लिए समर्पित रखना अपने आप में बड़ा संकल्प है। आपका यह प्रयास आने वाली पीढ़ी को सदा प्रेरित करेगा। इस सेवा को दानवीर सेठ किरोड़ीमल की नगरी में नया अध्याय बताते हुए उन्होंने कहा कि सेठ किरोड़ीमल की इस दानवीर नगरी रायगढ़ में आज गौ चिकित्सा की परंपरा का जुड़ना, दानवीरता



के इतिहास में एक नया अध्याय है। सैकड़ों वर्ष पूर्व स्थापित इस गौशाला को जिस तरह पुरानी पीढ़ी ने सहेजा और आज नई पीढ़ी उसे नई ऊंचाइयों पर ले जा रही है, वह देखकर मन को असीम संतोष होता है। असली काम करने वाले कभी माइक के सामने नहीं आते वे चुपचाप सेवा करते हैं और आप वहीं कर रहे हैं। गौसेवा का आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्व महत्व पर प्रकाश डालते हुए मंत्री ने कहा कि हमारे सनातन धर्म और शास्त्रों में गौ माता में 33 कोटि देवी देवताओं का वास बताया गया है। गौ माता की सेवा करने से न केवल पुण्य की प्राप्ति होती है बल्कि समाज में समृद्धि और सकारात्मकता आती है। रायगढ़ संस्कारों, संस्कृति और दान की नगरी है। यहां जितना भंडारा और सेवा कार्य होता है, उतना अन्यत्र कहीं नहीं होता। इस पुनीत धरोहर को सहेजने के लिए मैं समाज के हर व्यक्ति को नमन करता हूं। वित्त मंत्री ने कहा कि कुछ सेवा कार्य ऐसे होते हैं जो सरकार अकेले समाज के सहयोग के बिना नहीं कर सकती समाज का साथ जरूरी और गौशाला का संचालन उनमें सबसे प्रमुख है। सरकार योजनाएं और प्रोजेक्ट बना सकती है, लेकिन जब तक समाज के सकारात्मक लोग आगे नहीं आतेए तब तक कोई भी प्रयास पूरा नहीं होता। जब समाज साथ खड़ा होता है तो बड़े से बड़े कार्य भी सरल हो जाते हैं।

3 करोड़ 52 लाख की लागत से तैयार किया गया है मैदान





जशपुरनगर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में खिलाड़ियों को बेहतर खेल सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उल्लेखनीय विगत माह 28 मार्च को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जशपुर प्रवास के दौरान जशपुर में 3 करोड़ 52 लाख की लागत से मल्टीपरपज इंडोर बास्केटबॉल स्टेडियम का शुभारंभ किया था। जशपुर के खिलाड़ियों को मल्टीपरपज इंडोर बास्केटबॉल स्टेडियम में शतरंज कैरम, और टेबल टेनिस का अभ्यास कर सकेंगे। जशपुर के खिलाड़ियों को क्रिकेट, बास्केटबॉल, फुटबाल, हॉकी, कबड्डी, टेबल टेनिस सहित अन्य खेलों के प्रति प्रोत्साहित किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर मरगा नाला पुल निर्माण कार्य तेज

जशपुरनगर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर जिले में सड़क एवं पुल-पुलियों के निर्माण कार्यों को गति दी जा रही है। इसी कड़ी में सन्ना मार्ग स्थित मरगा नाला पर 4 करोड़ 52 लाख रुपये की लागत से उच्च स्तरीय पुल का निर्माण तेजी से कराया जा रहा है। पुल निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद क्षेत्र में आवागमन अधिक सुगम और सुरक्षित होगी।

मरगा नाला पर पहले सकरी पुलिया होने के कारण आवागमन में कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता था। संकरे मार्ग के कारण कई बार यातायात बाधित होने की स्थिति बन जाती थी। ऐसे में उच्च स्तरीय पुल का निर्माण पूरा होने से लोगों को इस समस्या से राहत मिलेगी और आवागमन की



सुविधा बेहतर होगी। क्षेत्रवासियों ने पुल निर्माण कार्य के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया है।

कई जिलों को जोड़ने वाले मार्ग को मिलेगी मजबूती- सन्ना मार्ग जशपुर जिला मुख्यालय को सरगुजा, सूरजपुर और बलरामपुर जिलों की ओर जाने वाले मार्गों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ऐसे में मरगा नाला पर उच्च स्तरीय पुल का निर्माण क्षेत्र की कनेक्टिविटी को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इससे स्थानीय नागरिकों के साथ-साथ अन्य जिलों की ओर आने-जाने वाले यात्रियों को भी सुविधा मिलेगी।

जिले में 22 उच्च स्तरीय पुलों के लिए 109 करोड़ रुपए की स्वीकृति- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जशपुर जिले में आवागमन की सुविधा को बेहतर बनाने और सड़क संपर्क को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए 22 उच्च स्तरीय पुलों के निर्माण के लिए लगभग 109 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की है। इन पुलों के निर्माण से जिले के विभिन्न क्षेत्रों में आवागमन अधिक सुगम होगा तथा ग्रामीण और दूरस्थ अंचलों को बेहतर सड़क संपर्क उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। उच्च स्तरीय पुलों के निर्माण से विशेष रूप से उन क्षेत्रों के लोगों को लाभ मिलेगा, जहां नदी-नालों के कारण आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। बरसात के मौसम में जलस्तर बढ़ने से कई स्थानों पर आवागमन प्रभावित होता है। ऐसे क्षेत्रों में पुलों का निर्माण होने से वर्षभर सुरक्षित और सुचारु आवागमन की सुविधा विकसित करने में मदद मिलेगी।

सुख समृद्धि एवं जन जन के मंगल की कामना

पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ के साथ मंत्र जप की पूर्णाहुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंद्रपुर

शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर धार्मिक नगरी चंद्रपुर स्थित गायत्री चेतना केंद्र में गायत्री मंत्र जप पूर्णाहुति कार्यक्रम श्रद्धाए भक्ति एवं आध्यात्मिक उत्साह के साथ संपन्न हुआ। मां भगवती की असीम कृपा एवं परम पूज्य गुरुदेव के आशीर्वाद से आयोजित इस पुनीत कार्यक्रम में पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ के माध्यम से गायत्री मंत्र जप की पूर्णाहुति की गई।

इस दौरान साधकों एवं श्रद्धालुओं ने विधि विधान के साथ यज्ञ में आहुतियां अर्पित कर समस्त विश्व के कल्याण, सुख.समृद्धि, शांति एवं जन जन के मंगल की कामना की नवरात्रि के आध्यात्मिक वातावरण के बीच आयोजित इस कार्यक्रम में गायत्री महामंत्र की महिमा एवं यज्ञ के आध्यात्मिक महत्व का विशेष अनुभव किया गया। यज्ञ में पूर्णाहुति अर्पित करते हुए



साधकों ने समाज में सद्भाव, सकारात्मकता, नैतिक मूल्यों एवं संस्कारों के प्रसार की कामना की। धार्मिक अनुष्ठान के दौरान श्रद्धा और भक्ति का वातावरण बना रहा। गायत्री चेतना केंद्र में आयोजित पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ इस कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण रहा। गायत्री मंत्र जप की पूर्णाहुति के अवसर पर साधकों ने यज्ञ में आहुतियां समर्पित कर अपने परिवारए समाज एवं संपूर्ण मानवता के सुखद भविष्य की मंगलकामना की। भारतीय संस्कृति में यज्ञ को आध्यात्मिक साधना, आत्मशुद्धि और लोककल्याण का प्रतीक माना गया है। इसी भावना के साथ श्रद्धालुओं ने धार्मिक अनुष्ठान में सहभागिता निभाई। कार्यक्रम का उद्देश्य गायत्री महामंत्र की दिव्य चेतना को जन.जन तक पहुंचाना तथा लोगों को सद्विचार, सदाचार और सत्कर्मों के मार्ग पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना रहा। गायत्री मंत्र जप पूर्णाहुति कार्यक्रम के समापन के पश्चात उपस्थित साधकों एवं श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया।

आध्यात्मिक चेतना कर रहे जागृत

कार्यक्रम के माध्यम से समाज में आध्यात्मिक चेतना जागृत करने, पारिवारिक एवं सामाजिक जीवन में संस्कारों को महत्व देने तथा सद्भाव और सेवा की भावना को मजबूत बनाने का संदेश दिया गया। गायत्री चेतना केंद्र की ओर से सभी श्रद्धालुओं से गायत्री महामंत्र की दिव्य चेतना को जन जन तक पहुंचाने तथा समाज में सद्भाव, संस्कार एवं सत्कर्मों का प्रकाश फैलाने का संकल्प लेने का आह्वान किया गया। नवरात्रि के पावन अवसर पर संपन्न इस धार्मिक आयोजन ने आध्यात्मिक साधना, सामूहिक सहभागिता और लोककल्याण की भावना को अभिव्यक्त किया।

